**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या** :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पं0चम्पारण)–82 / 2020 2229 **पटना, दिनांक** :– 17/03/2023

# आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, पं0चम्पारण (बेतिया) के पत्रांक 1095 दिनांक 31.12.2022 द्वारा श्री संदीप कुमार 'सोनू', विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03743) के विरूद्ध लक्ष्य की प्राप्ति में सार्थक प्रयास नहीं करने, शिविर प्रभारी के निर्देशों का अनुपालन नहीं करने, बिना सूचना के कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने संबंधी कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप एवं की गयी अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1095 दिनांक 31.12.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में इस तरह की गलती की पुनरावृर्ति नहीं करने तथा हुई भूल के लिए क्षमा याचना करते हुए एक अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतएव स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत आरोपित द्वारा किए गए क्षमा याचना के दृष्टिगत तत्काल श्री संदीप कुमार 'सोनू', विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03743) के मानदेय से 02 माह के मानदेय की कटौती करते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है। साथ ही यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में यदि इसकी पुनरावृत्ति की जाएगी, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 17/3/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पं0चम्पारण)–82 / 2020 2229 **पटना, दिनांक** :– 17/03/2023

**प्रतिलिपि** :– श्री संदीप कुमार 'सोनू', विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03743), बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पं0चम्पारण)–82 / 2020 2229 **पटना, दिनांक** :– 17/03/2023

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(पं0चम्पारण)–82 / 2020 2229 **पटना, दिनांक** :– 17/03/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 17/3/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप